Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan LET'S LEARN TOGETHER

# अध्याय - 5 | साम्राज्यों का उदय

QUIZ PART-01

1. **'एंपायर' शब्द किस लैटिन शब्द से आया है?**
   A. इंपेरियम
   B. रिपब्लिका
   C. सेनातुस
   D. सिविटास (A)

*व्याख्या :* 'एंपायर' शब्द लैटिन शब्द 'इंपेरियम' से आया है, जिसका अर्थ सर्वोच्च सत्ता है।

2. **साम्राज्य किसे कहते हैं?**
   A. केवल एक गाँव का समूह
   B. छोटे-छोटे राज्यों या क्षेत्रों का शक्तिशाली शासक के नियंत्रण में संघ
   C. केवल व्यापारियों का संगठन
   D. केवल धार्मिक संस्था (B)

*व्याख्या :* साम्राज्य कई छोटे राज्यों या क्षेत्रों का समूह होता है, जो किसी शक्तिशाली शासक के अधीन होता है।

3. **साम्राज्य में छोटे क्षेत्र किसके अधीन होते थे?**
   A. सम्राट
   B. व्यापारी
   C. किसान
   D. भिक्षु (A)

*व्याख्या :* साम्राज्य में छोटे-छोटे क्षेत्र सम्राट की सर्वोच्च सत्ता के अधीन होते थे।

4. **राजधानी का मुख्य कार्य क्या था?**
   A. केवल पूजा का स्थान होना
   B. आर्थिक और प्रशासनिक केंद्र होना
   C. केवल सैनिक छावनी होना
   D. केवल बाजार होना (B)

*व्याख्या :* राजधानी साम्राज्य का आर्थिक और प्रशासनिक केंद्र होती थी।

5. **'राजाधिराज' का अर्थ क्या है?**
   A. अधिपति
   B. सर्वोच्च शासक
   C. राजाओं का राजा
   D. सेनापति (C)

*व्याख्या :* राजाधिराज का अर्थ है—राजाओं का राजा।

6. **अधीनस्थ राजा सम्राट को क्या दे सकते थे?**
   A. केवल फूल
   B. मुद्रा, स्वर्ण, अनाज, पशु और बहुमूल्य वस्तुएँ
   C. केवल जल
   D. केवल पत्र (B)

*व्याख्या :* अधीनस्थ राजा समर्पण और सम्मान के रूप में भेंट देते थे।

7. **भेंट किसका प्रतीक मानी जाती थी?**
   A. समर्पण, निष्ठा और सम्मान का
   B. विद्रोह का
   C. व्यापार बंद होने का
   D. युद्ध की घोषणा का (A)

*व्याख्या :* भेंट सम्राट के प्रति अधीनता, निष्ठा और सम्मान का प्रतीक थी।

8. **सम्राट क्षेत्रीय राजाओं को क्या अनुमति देते थे?**
   A. अपने-अपने क्षेत्रों पर शासन करने की
   B. साम्राज्य छोड़ने की
   C. कर न देने की
   D. सेना समाप्त करने की (A)

*व्याख्या :* सम्राट कई बार क्षेत्रीय राजाओं या सरदारों को अपने क्षेत्रों पर शासन करने देते थे।

9. **साम्राज्य की विशेषताओं में क्या शामिल था?**
   A. कर व्यवस्था, विधि निर्माण और संसाधनों का नियंत्रण
   B. केवल गीत-संगीत
   C. केवल वन विस्तार
   D. केवल खेती (A)

*व्याख्या :* साम्राज्य में प्रशासन, कर, विधि, व्यापार और संसाधन नियंत्रण जैसी व्यवस्थाएँ होती थीं।

10. **सम्राट कला, साहित्य और ज्ञान केंद्रों को क्यों प्रोत्साहित करता था?**
    A. सांस्कृतिक और बौद्धिक विकास के लिए
    B. युद्ध रोकने के लिए ही केवल
    C. कर समाप्त करने के लिए
    D. खेती बंद करने के लिए (A)

*व्याख्या :* सम्राट कला, साहित्य, धर्म, दर्शन और ज्ञान केंद्रों को समर्थन देकर सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देता था।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App